# नांदगांव टाइम्स





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


शनिवार, 08 फरवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 116, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## छत्तीसगढ़ का अनुपम सौंदर्य सदैव आपकी स्मृतियों में रहेगा अंकित : विष्णु देव



**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ बहुत सुंदर प्रदेश है और नैसर्गिक सुंदरता, सांस्कृतिक धरोहर और समृद्ध जैव विविधता इसे खास पहचान देती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शुक्रवार को उनके निवास कार्यालय में नेशनल डिफेंस कॉलेज से आए 18 सैन्य और सिविल सर्विस के अधिकारियों के दल ने छत्तीसगढ़ भ्रमण उपरांत उनसे मुलाकात कर अपने अनुभवों को साझा करते हुए यह बातें कही। मुख्यमंत्री ने उत्सुकता के साथ सभी सैन्य अधिकारियों से उनके छत्तीसगढ़ भ्रमण को लेकर चर्चा की। मुख्यमंत्री साय ने सभी अधिकारियों का आत्मीय स्वागत करते हुए प्रदेश की भौगोलिक विशेषताओं, सांस्कृतिक धरोहर और विकास यात्रा पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ केवल भौगोलिक रूप से ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रूप से भी अद्वितीय है। प्रदेश का 44 प्रतिशत भूभाग वनाच्छादित है, और आदिवासी समुदायों की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा हमारी धरोहर का अभिन्न अंग हैं। छत्तीसगढ़ का सौंदर्य अनुपम है। आपने जो यात्रा की है, वह सिर्फ प्राकृतिक दृश्यों का अनुभव नहीं, बल्कि एक जीवंत संस्कृति और इतिहास से जुड़ा हुआ सफर भी है। यह अनुभव सदैव आपकी स्मृतियों में अंकित रहेगा। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में नक्सल उन्मूलन को लेकर किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि नक्सल उन्मूलन की दिशा में छत्तीसगढ़ ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। हम न केवल सुरक्षा दृष्टिकोण से बल्कि शिक्षा, बुनियादी ढांचे और आर्थिक अवसरों के माध्यम से भी इस समस्या का समाधान कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ में हमने औद्योगिक और शहरी विकास के साथ-साथ ग्रामीण एवं आदिवासी समुदायों के उत्थान पर भी समान रूप से ध्यान दिया है। मुहमारी सरकार का प्रयास है कि छत्तीसगढ़ आत्मनिर्भरता, नवाचार और



उत्कृष्ट शासन प्रणाली का उदाहरण बने। आपका यह भ्रमण हमारे प्रयासों को एक राष्ट्रीय और वैश्विक दृष्टिकोण से देखने का अवसर प्रदान करता है। नेशनल डिफेंस कॉलेज के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्होंने अपने प्रवास के दौरान आईआईएम रायपुर, इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर, ग्रीन फील्ड सिटी और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का अवलोकन किया। इसके अलावा उन्होंने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से कानून व्यवस्था और नक्सल उन्मूलन अभियान के संबंध में चर्चा की। अधिकारियों ने सिरपुर, एजुकेशन सिटी दंतेवाड़ा, कांकेर वुड आर्ट सेंटर, जंगल वारफेयर कॉलेज, कोंडागांव के टाटामारी और शिल्पग्राम, बादल एकेडमी और चित्रकोट जलप्रपात का भ्रमण किया। दल का नेतृत्व कर रहे एडमिरल संदीप सिंह संधु ने बताया कि नेशनल डिफेंस कॉलेज के द्वारा प्रति वर्ष एक वर्षीय कोर्स संचालित किया जाता है, जिसमें सेना, सिविल सेवा और अंतरराष्ट्रीय रक्षा अधिकारियों को रणनीतिक विषयों पर



प्रशिक्षित किया जाता है। इस वर्ष 124 अधिकारी इस कोर्स में शामिल हैं, जिनमें 13 भारतीय और 5 अन्य देशों के अधिकारी छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक एवं प्रशासनिक ढांचे को समझने के लिए भ्रमण पर आए है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, पी. दयानंद और डॉ. बसवराजू एस उपस्थित रहे। नेशनल डिफेंस कॉलेज के अधिकारियों में ब्रिगेडियर अमितोज सिंह, संदीप कुमार मिश्रा, कोमोडोर कार्तिक मूर्ति, ब्रिगेडियर अनिरुद्ध सिंह कंवर, एयर कोमोडोर शेखर यादव, ब्रिगेडियर गुरप्रीत सिंह मान, ब्रिगेडियर रजनीश मोहन, कैप्टन एम. व्ही. ओरपे सहित श्रीलंका, मोरक्को, नाइजीरिया, नेपाल और यूएई के अधिकारी शामिल थे।

## शहर के चहुंमुखी विकास के लिए सीटी बजाकर राजेश गुप्ता लोगों को कर रहा जागरूक

### लोगों का मिल रहा भारी जनसमर्थन, न भय ना भ्रष्टाचार इस बार संस्कार धानी वासियों की सरकार-चंपू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर में महापौर चुनाव के लिए इंदिरा नगर वार्ड के जागरुक पार्षद रहे राजेश गुप्ता चंपू के लोगों को सिटी बजाकर जागरुक करने से लोगों का उन्हें जमकर जन समर्थन मिल रहा है। शहर का नक्शा बदल ? देने व संस्कार धानी नगरी के अनुरूप शहर को हाई क्लास सिटी बनाने के लिए महापौर चुनाव में कमर कस कर खड़े राजेश गुप्ता चंपू भैया को लोग हाथों हाथ ले रहे हैं। खास कर नगरनिगम के एम आई सी सदस्य रहते हुए शहर विकास के लिए कराए गए कार्य से लोग उन्हें महापौर पद के लिए काबिल प्रत्याशी मान रहे हैं, और चंपू भैया का हाथ मजबूत करने सीटी छाप के निशान 9 नंबर में बटन दबाने के लिए आतुर ? दिखाई पड़ रहे हैं। बता दें कि चंपू गुप्ता को अपनी मां स्व. शिवकली देवी गुप्ता के पार्षद कार्यकाल का भी काफी अनुभव है और नगरनिगम में एम



आई सी मेंबर होने के कारण शहर का नेतृत्व करने का उन्हें खासा अनुभव भी है। बता दें कि श्री गुप्ता अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए जाने जाते हैं। उनके अपने वार्ड इंदिरा नगर की समस्यायों को लेकर वे आंदोलन कर निगम का ध्यान आकृष्ट करने में सफल रहे हैं। यही नहीं शहर में कहीं भी समस्या हो उसके निदान के लिए सदैव सामने रहने के लिए वे जाने जाते हैं। उन्होंने ठान रखी है कि संस्कार धानी कहीं जाने वाली नगरी राजनांदगांव को उनके संस्कारो के अनुरूप शहर व समस्या मुक्त नगरी बना कर दम लेंगे। ताकि बाहर से आने वाले लोग इस संस्कारधानी नगरी की विशेषता को देख सके और यहां की सौंदर्यीकरण से लेकर यहां की चमचमाती सड़कें- गलियां व समस्या मुक्त शहर का तारीफ कर सके। श्री गुप्ता की भावनाओं को देखते हुए लोगों का उन्हें मिल रहा खासा जनसमर्थन से उनकी महापौर पद के लिए जीत तय मानी जा रही है।

## भाजपा की आज विशाल जनसम्पर्क रैली



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव एवं पार्षद प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिये कल 08 फरवरी को पार्टी संगठन की ओर से विशाल जनसम्पर्क रैली निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गो से भ्रमण करेगी। इस रैली में क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह व महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव के आलावा पार्षद प्रत्याशी व पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता एवं विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जनसम्पर्क रैली पार्टी के चुनाव कार्यालय लोहाणा महाजन वाड़ी से दोपहर 03 बजे प्रारंभ होगी जो गायत्री मंदिर चौक से श्री श्याम मंदिर गली होते हुये रामाधीन मार्ग, तिरंगा चौक, भारतमाता चौक से कामठी लाईन, शनि मंदिर गली से गुड़ाखु लाईन, आजाद चौक से भारतमाता चौक, सदरबाजार, बसंतपुर थाना होते हुये बालगोविन्द चौक, दुर्गा चौक, दिग्विजय चौक ब्राम्हण पारा, गांधी चौक, मानव मंदिर चौक होते हुये गुरूद्वारा चौक पहुंचकर समाप्त होगी। इस रैली के प्रभारी जिला भाजपा के महामंत्री सौरभ कोठारी रहेंगे।

## मरणावस्था में पहुंची थी अस्पताल...

### 24 वर्षीय युवती कई बीमारियों से थी ग्रसित ...,माता- पिता ने छोड़ दी थी उम्मीद...






**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वनांचल क्षेत्र से इलाज के लिए पहुंची 24 वर्षीय युवती माला (बदला हुआ नाम) जिसके जीने की उम्मीद खो चुके परिजन मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के डॉक्टरों और नर्सों ने करीब डेढ़ माह 53 दिन इलाज कर नया जीवन दान दिया। वैसे तो डॉक्टर के लिए हर मरीज की जान बचाना प्रथम उद्देश्य होता है, पर कभी-कभी ऐसे मरीज भी अस्पतालों में पहुंच जाते है, जो डॉक्टरों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होते। माला ऐसी ही 24 वर्षीय युवती है, जो जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रही थी, मरणोस्थिती में उसे परिजनों द्वारा शहर के शासकीय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। माला की स्थिति बहुत खराब थी, बचपन से ही एनीमिया (सिक्लिन)की बीमारी से ग्रसित 24 वर्ष की उम्र में आते आते और गंभीर बीमारी से ग्रसित हो चुकी थी। जब मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया तब माला की स्थिति यह थी कि उसे सांस लेने में दिक्कत, छाती में दर्द,दाहिने पैर में सूजन, रक्तचाप की कमी। मेडिसिन विभाग के डॉक्टरों के लिए माला को बचाना बड़ी चुनौती बन गया। स्थिति को देखते हुए माला को तत्काल आईसीओ के वेंटिलेटर पर रखा गया, बल्ड सैंपल लेकर जांच आरंभ की गई।

**मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल के डॉक्टरों ने दिया नया जीवनदान...**

**( डेढ़ माह) 53दिन तक चला युवती का इलाज**

जांच से पता चला कि माला के लिवर,प्लीहा का आकार बढ़ा हुआ है,साथ ही छाती की दीवार में फोड़ा ब्यूरल, ड्रफ्यूजन (फेफड़ों और छाती के बीच की दीवार में तरल पदार्थ जमा होना)और पेरिकार्डियल फ्यूजन(हृदय के चारों तरल पदार्थ होना) भी था। डॉक्टरों ने माला को उच्च एंटीबायोटिक्स चालू किया साथ ही रोजाना जख्मों पर ड्रेसिंग करना आरंभ कर दिया, इस बीच माला को 8 यूनिट बल्ड भी लगाया गया, जिससे बल्ड की मात्रा बढ़ गई।लगातार ड्रेसिंग से छाती और पैर में आने वाला मवाद भी कम होने लग गया। 3 दिन वेंटिलेटर में रखने के बाद माला को आइसीओ में ही सुचारु रूप से इलाज और देखरेख में रखा गया था। अब 53 दिन बाद माला की स्थिति पूरी तरह ठीक हो गई और हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हो गई। माला को जीवनदान देने में मेडिसिन विभाग के एचओडी,डॉ एन.के.तिर्की,डॉ. प्रकाश खूंटे,डॉ.आशीष डुलानी,डॉ.चेतन साहू, डॉ.लक्की, डॉ.पल्लवी, डॉ.आकाश,डॉ. पराग के अलावा हॉस्पिटल नर्सिंग स्टॉफ में मनीषा वाकडे,महिमा ठावरे,मनीषा जोशी,प्रणिता नाग,भावना सिन्हा,कुमुद चंदन,पूजा वर्मा का योगदान था।

## मेरी माँ की दूध की है ताकत है जो कोरोना काल में भी मैं राजनांदगांव के लोगो के साथ घर से लेकर अस्पताल तक खड़ा था





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** निखिल द्विवेदी ने कहा मधुसूदन यादव जी आप अमर्यादित थे और आज भी हैं जवाब में राजनीति से परे आपने मेरी माँ और मेरे दूध पर जो बयान दिया है वो संस्कारधानी को कलंकित करने वाली है ये आपका अहंकार है , ये भाजपा के पैसों का अहंकार है लेकिन राजनांदगांव की एक एक जनता ने अपनी माँ का दूध पिया है और वही जनता आपको एक माँ के बेज्जती करने का सबक सिखाएगी आप मेरी माँ के दूध की ताकत पर जो उंगली उठा रहे हैं मधुसूदन यादव जी तो सुनिए ये मेरी माँ की दूध की ही ताकत है जो सत्रह साल में बाप का साया सर से उठ जाने के बाद भी मेरी माँ ने मुझे खड़ा किया इस लायक बनाया कि मैं जनता की सेवा कर सकूं कोरोना काल में जब मुझे मदद जब जब आवाज दी है तब तब अपनी माँ के आशीर्वाद से वहाँ उपस्थित रह हूँ शहर की हर माँ का आशीर्वाद मेरे साथ है जिसकी ताकत आपको आगामी 15 फरवरी को देखने मिल जाएगी।

## राधा - कृष्ण की प्राण प्रतिष्ठा में उमड़ा ग्रामीणों का उत्साह

### शिवनाथ नदी तट पर दिखी कृष्ण के प्रति आस्था

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मोहला - मानपुर - अंबागढ़ चौकी क्षेत्र में सनातनी लोगों की आस्था भगवान श्री कृष्ण और राधा के प्रति आमजनों को एकत्र कर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को आकर्षक बना दिया । इस अवसर पर शोभा यात्रा निकालकर हिंदू धर्मावलंबियों ने अपनी आस्था का परिचय दिया । कोसरिया यादव समाज ग्राम धानापायली , अंबागढ़ चौकी के संरक्षक मकरम यादव ने बताया कि भगवान राधा - कृष्ण की



मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व ग्रामीण श्रद्धालु जनता द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई । 2 फरवरी को अंबागढ़ चौकी नगर से ग्राम धानापायली तक धर्म की पताका लहराकर कोसरिया यादव समाज ने अपने आराध्य देव के प्रति श्रद्धा का परिचय दिया । शोभा यात्रा शिवनाथ नदी के किनारे ब्याहना दाहरा में मोक्षधाम के रूप में प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत समाप्त हुई । अंचल के लोगों ने बड़े उत्साह के साथ समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई । ग्रामीणों की ग्वालों के रूप में साज - सज्जा और राउत नाचा ने अपनी एक अलग पहचान छोड़ी ।

## बॉलीवुड कलाकारों ने संगम में लगाई डुबकी

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ में बड़ी संख्या में आम और खास सभी लोग त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने आ रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव, अभिनेत्री नीना गुप्ता और अभिनेता संजय मिश्रा महाकुम्भ पहुंचे। सभी कलाकारों ने इस भव्य आयोजन की प्रशंसा की और यहां के माहौल को अविस्मरणीय बताया।

nandgaon times feb-08-04.qxd 2/7/2025 11:58 PM Page 2



# अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 पर सहकारी समितियों की गतिविधियों के लिए कलेण्डर जारी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सहकारिता विभाग राजनांदगांव द्वारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, मतस्य विभाग, हथकरघा विभाग, पंचायत विभाग, वनोपाज यूनियन राजनांदगाव/खैरागढ़, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक एवं कृषि विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 अंतर्गत जिला राजनांदगांव, खैरागढ-छुईखदान-गंडई एवं मोहला-मानपुर-अं. चौकी में संचालित विभिन्न सहकारी समितियों के लिए वर्ष के दौरान गतिविधियों के आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में 132 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के प्रबंधको की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई जिसमें केंद्र एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप मनाये जाने की जानकारी दी गई7 उप आयुक्त सहकारिता राजनांदगांव द्वारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, मतस्य विभाग, हथकरघा विभाग, पंचायत विभाग, वनोपाज यूनियन राजनांदगाव/खैरागढ़, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक एवं कृषि विभाग से समन्वय स्थापित कर सहकारी समितियों के लिए विभिन्न गतिविधियों के आयोजन हेतु वार्षिक कैलेन्डर जारी किया गया जिसके अनुरूप समितियों में गतिविधियों का आयोजन कैलेण्डर में निर्धारित तिथि एवं विषय अनुसार संपन्न करने के निर्देश दिए7 अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के दौरान आयोजित होने वाली प्रमुख गतिविधियां :- सहकारिता का परिचय एवं समिति पंजीयन की जानकारी, पैक्स के मॉडल बायलाज का वाचन, पैक्स का पुनर्गठन की चर्चा, सहकारी बैंकों के लिए साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला, किसान क्रेडिट कार्ड वितरण, नवीन पंजीकृत समितियों को प्रमाण पत्र वितरण, सहकारी समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण, कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी, पैक्स में नवीन सदस्य बनाये जाने की गतिविधि, पैक्स कंप्यूटराईजेशन पर अपेक्स बैंक द्वारा कार्यशाला, माईक्रो एटीएम से संव्यवहार बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम, वन विभाग की योजनाओं की जानकारी, बुनकर समितियों को प्रशिक्षण एवं योजनाओं की जानकारी, समिति कर्मचारियों को लेखा एवं लेखांकन की प्रशिक्षण उपलब्ध कराना, ग्राम सभाओं में सहकारिता की जानकारी देना, सहकारी समितियों के सदस्यों के निर्वाचन की जानकारी देना, समिति स्तर पर कृषि आदान प्रदाय करने हेतु शिविर लगाना, फसल चक्र परिवर्तन के संबंध में कृषकों को जानकारी देना, जिला स्तरीय सहकारी संगोष्ठी का आयोजन, कृषि दीदी के माध्यम से ड्रोन का प्रदर्शन एवं तरल यूरिया, डी.ए.पी. तथा जैविक उर्वरकों के प्रयोग के लिए कार्यशाला का आयोजन, मत्स्य विभाग की योजनाओं एवं तालाब आबंटन प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराना, बैंक शाखाओं में वित्तीय साक्षरता हेतु जागरूकता कैम्प का आयोजन, हायर सेकेण्डरी स्कूलों में सहकारिता पर निबंध एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन, 05 जुलाई अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजन, सहकारी आंदोलन के इतिहास पर संगोष्ठी का आयोजन, विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर वनोपज समितियों द्वारा संगोष्ठी आयोजन, हरितालिका तीज पर सफल महिला सहकारी समितियों के सदस्य का सम्मान, प्रत्येक सहकारी समितियों में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन, समितियों में वार्षिक आमसभा का आयोजन, सहकारी शक्कर कारखाना भ्रमण, फसल विविधिकरण एवं धान के बदले कम पानी वाले फसल के उत्पादन के लिए कार्यशाला, सहकारी समितियों के प्रत्येक सदस्य का खाता जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में खोलने हेतु कार्यशाला, राज्य स्थापना दिवस पर सहकारिता सबंधी प्रदर्शनी का आयोजन, कृषक सदस्यों को रबी ऋण वितरण के लिए शिविर का आयोजन, धान उपार्जन केन्द्रों में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन, सदस्य कृषकों का ्यङ्घष्ट अपडेशन पखवाड़ा का आयोजन, राज्य एवं जिला स्तर पर सहकारिता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले पैक्स, शाखा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक तथा जिला अधिकारियों का सम्मान जैसे गतिविधियों आयोजित होंगे7 बैठक में एग्रीस्टैक पोर्टल पर किसानों के पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए प्रत्येक समिति के सदस्य किसानों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए साथ ही चयनित पैक्स समितियों को रबी फसल जैसे अरहर, मसूर आदि उपज को समर्थन मूल्य पर खरीदी एवं परिदान की तैयारी हेतु संबंधित विभाग से संपर्क स्थापित किये जाने के निर्देश दिए7 केंद्र शासन की योजना अंतर्गत पैक्स समितियों को मॉडल पैक्स के रूप में विकसित किये की जानकारी देते हुए समिति के उद्देश्यों को प्राप्त करने में समिति प्रबंधकों की जिम्मेदारी को महत्वपूर्ण बताया7 उपरोक्त जानकारी प्रभारी प्रबंधक जिला सहकारी संघ मर्यादित राजनांदगाँव द्वारा प्रेस विज्ञप्ति में दी।




# नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए भोज

## साहू पर्यावरण प्रेमी ने अस्पताल परिसर में धान व रंग बिरंगी फूलों से रंगोली जैसे सजाकर 100 प्रतिशत मतदान का अपील

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव में रेडियोग्राफर के पद पर कार्यरत भोज साहू पर्यावरण प्रेमी ने जनता को जागरूक करने के अभिनव प्रयोग करते आ रहे हैं ताकि लोग उनके इस पहल से जुड़े चाहे पर्यावरण संरक्षण के लिए हो चाहे अन्य गतिविधियों के लिए हो अनेकों तरह से जागरूकता अभियान चलाते रहते हैं अभी छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का खुमार चढ़ा हुआ है इसी क्रम में अस्पताल परिसर में धान व अलग-अलग रंगों के फूलों जिसमे गुड़हल कनेर,कागज फूल गेंदा से रंगोली जैसा बनाकर आओ 100 प्रतिशत मतदान करें लिखकर अस्पताल में इलाज के लिए आ रहे मरीज व मरीज के परिजनों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं जिसे पढ़कर निश्चित रूप से जागरूकता आयेगा वहीं जिला प्रशासन के द्वारा भी आम जनता को भी जागरूक क रने के लिए अनेकों कार्यक्रम चला रहे हैं ताकि आने वाले चुनाव में जिला में शत प्रतिशत मतदान हो सकें। इसे




**श्री साहू ने बताया कि पिछले विधानसभा चुनाव में भी अनेक तरीके से जागरूक करते आ रहे हैं**

श्री साहू ने विगत कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के साथ मतदान के लिए जागरूक करते आ रहे हैं हाथों में मेहंदी इसके साथ 100 प्रतिशत मतदान करने के लिए रंगोली बनाकर 100 दीपक जलाकर शत प्रतिशत मतदान करने का अपील किया था इसके अलावा विधानसभा चुनाव व लोकसभा चुनाव के समय अपने साथियों के साथ बालोद, राजनांदगांव,दुर्ग भिलाई व रायपुर साइकिल यात्रा करते हुए आम जनता को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया था इसके साथ बालोद जिले के गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र के चारभाठा में एक अनोखी शादी का रस्म किया था जिसमें वर वधू के द्वारा आठ फेरे के साथ साथ आठवां वचन मतदान करने के लिए लिया था साथ ही साथ ही अपने हाथों पर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए मेहंदी रचाए थे जो पुरा छत्तीसगढ़ में चर्चा का विषय बने रहे वहीं पिछले विधानसभा चुनाव में वेस्ट मटेरियल से बड़ा राखी बनाया था जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव में लगा हुआ था जो आम लोगों को आकर्षित कर रहे थे। इस अभियान में रोमन सिन्हा,डेमन सिन्हा सतीश साहू,जसवंत कोढापे, घनश्याम साहू, शिप्रा मुटकुरे विशाल खत्री,कुशाल साहू ,सहित अस्पताल कर्मचारी सहयोग सराहनीय रहा।

# हमने घर संभाला है हम ही शहर संभालेगों - दीपा लव रामटेके

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर पालिक निगम राजनांदगॉव की निर्दलीय प्रत्याशी पेशे से हाईकोर्ट वकील सहित जीएसटी सलाहकार है, जिनका चुनावी चिन्ह लैपटॉप है. द्वारा बताया गया है वे अपने जन सम्पर्क में शहर की महिलाओं का भरपूर सहयोग मिल रहा है वहीं शहर के बुजुर्ग व युवा भी बातों को समझ रहें. अनेक वार्डो के निर्दलीय प्रत्याशी भी अब सपोट कर रहें है. वार्डो की विभिन्न समस्याओं के साथ ही साथ शहर में काफी समस्यायें है जो राज्य निर्माण के 25 वर्ष में भी नहीं हल हो पायी. रूलिंग पार्टीयों ने वार्ड व शहर का विकास रोक दिया, हॉलाकि शहर बडे नेताओं का गढ जरूर बन गया है लेकिन आज भी मूल भूत सुविधाओं का अभाव सभी तरफ है. शहर आरोप-प्रत्यारोप का अड्डा बन गया है, हर नेता मंच से बडी बाते बडा विकास बोल कर चला जाता है. और शहर का विकास वहीं रह जाता है. शहर का विकास रूक सा गया है. महापौर प्रत्याशी ने रूके हुए कामों को पूरा करने के साथ ही नये कामो को करने का वादा किया है. दीपा लव रामटेके ने कहॉ कि जिस तरह हम घर को संभालते है उसी तरह शहर को भी संभालने जानते है, हमें अब शहर की महिलाओं के साथ ही साथ कई वार्डो के निर्दलीय प्रत्याशीयों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है. 11 महापौर प्रत्याशीयों में एक महिला प्रत्याशी होने का लाभ इस चुनाव में अवश्य मिलेगा।



**कई वार्डो के निर्दलीय भी कर रहे है सपोट**

## रोशनी वैष्णव कर रही प्रचार

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** समीपस्थल ग्राम धामनसरा भोथीपार खुर्द ढोडिया भोडिया आलीखुटा रानीतरई में जनपद प्रत्याशी रोशनी वैष्णव अपने पक्ष चुनाव प्रचार बरगद छाप मुहर लगाकर विजय बनाने अपील कर रहे हैं साथ जनक साहू तारा साहू ओमप्रकाश साहू दिललु साहु चैन साहू देबू यादव लिखन साहू धर्मेन्द्र साहु लिखन देवांगन राजू साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहा।



## मधुसूदन यादव का दौरा कार्यक्रम

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भाजपा महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव कल 08 फरवरी शनिवार को सुबह 11 बजे वार्ड नं. 44 कौरिन भांठा वार्ड एवं वार्ड नं. 45 रामकृष्ण वार्ड सृष्टि कॉलोनी में जनसम्पर्क करेंगे इसके पश्चात् जनसम्पर्क रैली में शामिल होंगे। जनसम्पर्क रैली के पश्चात् श्री यादव रात्रि 7 बजे वार्ड नं. 09 शंकरपुर वार्ड तथा वार्ड नं. 10 महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड शंकरपुर-शांति नगर में घर-घर जाकर कमल फूल निशान के लिये आशीर्वाद मांगेगे। इस दौरान पार्षद प्रत्याशी एवं पार्टी के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।


## मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश मंजूर करने के निर्देश

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 कार्यक्रम अनुसार नगर पालिका के महापौर व पार्षद पदों के लिए तथा नगर पंचायत के अध्यक्ष व पार्षद पदों के निर्वाचन के लिए मंगलवार 11 फरवरी 2025 को मतदान किया जाएगा। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 कार्यक्रम अनुसार जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच के निर्वाचन के लिए सोमवार 17 फरवरी, गुरूवार 20 फरवरी एवं रविवार 23 फरवरी को मतदान तिथि निर्धारित की गई है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश मंजूरी में उल्लेखित प्रावधान अनुसार नियत मतदान तिथि में कारखाना अधिनियम 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1953 अंतर्गत आने वाले कारखानों व संस्थाओं के स्थापनाओं में कार्यरत श्रमिक व कर्मचारियों को मतदान के दिन संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। साथ ही ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पॉली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित किये जाने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया अंतर्गत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने के निर्देश दिए गए हैं। मतदान की सुविधा समस्त कार्यरत श्रमिक अथवा कर्मचारियों चाहे वे दैनिक वेतनभोगी हो या आकस्मिक श्रमिक हो, उनको प्रदान किया जाएगा।

# मेडिकल कॉलेज में छात्रों हेतु मानसिक स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मेडिकल कॉलेज में छात्रों हेतु मानसिक स्वास्थ्य संगोष्ठी- का आयोजन किया गया इस पर प्रोफेसर डॉ प्रज्ञा द्वारा टाइम मैनेजमेंट व स्ट्रेस मैनेजमेंट के गुर सिखाएं बुधवार 5 फरवरी को भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में, दंत विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ प्रज्ञा ने छात्रों हेतु काउंसलिंग सेशन का आयोजन किया! आयोजन में संस्था के अधिष्ठाता डॉक्टर पंकज मधुकर लुका तथा प्राध्यापक डॉक्टर अनिल बरन चौधरी,डॉक्टर प्रतिमा कुजूर, डॉक्टर मोनिका प्रधान, डॉक्टर विनीत डॉक्टर,शिप्रा दास,डॉक्टर ताबिश अहमद तथा डॉ मंजू लता उपस्थित रहे7 सभा में डॉक्टर प्रज्ञा ने विद्यार्थी जीवन से जुड़े तनाव से बचने के तथा जीवन शैली सुधारने के नुस्खे बताएं। उन्होंने बच्चों को समय का सही उपयोग करना और बुरी संगति से दूर रहने की हिदायत दी। अधिष्ठाता डॉक्टर पंकज लुका ने बच्चों को जीवन के संघर्षों के बावजूद ध्येय की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। अनुशासन में रहकर धैर्य से मेडिकल पाठ्यक्रम को पूरा करने और मरीज का सर्वोच्च उपचार करने के लिए छात्रों को प्रेरणा दी।



**टेक होम मेसेज:**

1) समय का सदुपयोग करके स्ट्रेस से दूर रहे।

2) गलत संगति मानसिक विकारों के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक है।

3) अनुशासन और धैर्य ही अवसाद से बचा सकते हैं।

## सदगुरु कबीर सत्संग समारोह 14 से

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला राजनांदगांव के विकास खंड अंतर्गत रेंगाकठेरा समीपस्थ ग्राम डिलापहरी (छोटे पारा) में आगामी दिनांक 14 से 16 फरवरी 2025 को त्रि-दिवसीय सदगुरु कबीर सत्संग समारोह का कार्यक्रम रखा गया है। ज्ञात हो कि श्री तिलक साहू एवं श्री चैतुदास साहू एवं समस्त ग्रामवासी डिलापहरी ( छोटे पारा) के संयुक्त तत्वावधान में वृहद रूप से आयोजन की तैयारी चल रही है।इस आयोजन में मुख्य प्रवक्ता, प्रखर ओजस्वी एवं महान् क्रांतिकारी संत श्री रमाशंकर साहेब पूर्णिया बिहार प्रांत से पधारेंगे।

# विश्व कैंसर दिवस को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जैन संगठन महिला शाखा राजनांदगांव द्वारा रामाधीन मार्ग स्थित तेरापंथी भवन में मंगलवार को विश्व कैंसर दिवस को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में डॉ अर्पण चतुर्मुथा, डॉ अविनाश तिवारी व श्रीमती सिद्धि मिरानी जी उपस्थित रहे। सिद्धि फाउंडेशन के सदस्य के रूप में आरती श्रीवास्तव, व दिव्या नागड़िया ने भी हिस्सा लिया। विशेष अतिथि के रूप में सकल जैन श्री संघ के अध्यक्ष श्री मनोज जी बैद, पूर्व जोन अध्यक्ष - ललित जी भंसाली, रीजनल प्रेसिडेंट - दीपक जी नवलखा, रीजनल सेक्रेटरी -दीपक जी गिड़िया, स्टेट कॉर्डिनेटर फाउंडेशन की हेड श्रीमती शांता जी कोटड़िया व प्रोग्राम हेड श्रीमती आशा जी सेठिया भी सहभागी रहे। मंच संचालक श्रीमती दीपिका पारख ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए मंगलाचरण हेतु श्रीमती सुमन जी कांकरिया और खुशबू जी ढेलडिया को मंच पर आमंत्रित किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। डॉ अर्पण चतुर्मुथा जी ने बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं को कैंसर के अलग अलग प्रकारों पर रोशनी डालते हुए इसके विभिन पहलुओं पर चर्चा की और विषेश रूप से H P V वैक्सीनेशन के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि H P V वैक्सीनेशन द्वारा गर्भाशय के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने कैंसर के शुरुआती लक्षणों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी ताकि समय रहते इसका इलाज व निदान किया जा सके। डॉ अविनाश तिवारी जी ने पॉलिऐटिव मेडिसिन के महत्व पर जोर देते हुए बताया खासकर cronic illness में या कैंसर जैसी बीमारियों में इस उपचार पद्धति से काफी राहत मिलती है। श्रीमती सिद्धि मिरानी जी ने बताया कि वह खुद कैंसर से पीड़ित थी। कैसे उन्होंने कैंसर को हराया।

## पेंशनर्स एसोसिएशन का मासिक बैठक 13 फरवरी को डोंगरगांव में

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा-डोंगरगांव का मासिक बैठक 13 फरवरी 2025, गुरुवार को दोपहर 2:00 से पेंशनर्स एसोसिएशन भवन डोंगरगांव में आयोजित है । इस बैठक में छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएशन जिला-राजनांदगांव के पदाधिकारी गण शिरकत करेंगे । ज्योतिष राम यादव अध्यक्ष पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील डोंगरगांव, श्री एच एल ढोमने प्रवक्ता, श्री वाय के गहरवाल प्रवक्ता, श्री जी आर अहीर उपाध्यक्ष, श्री नामदेव साहू कार्यकारी अध्यक्ष, श्री केशव राम साहू वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री तोरण लाल साहू सचिव, श्री मनबोधी राम माली कोषाध्यक्ष, श्री डोल कुमार देवांगन उपकोषाध्यक्ष, श्री एन के श्रीवास्तव संगठन सचिव, श्री शोभित राम साहू संगठन सचिव, श्री नंदलाल साहू कार्यकारिणी सदस्य, श्री कृष्णा लाल साहू उपाध्यक्ष, श्री मनसुखदास साहू सांस्कृतिक सचिव, श्री लखन लाल अहीर कार्यकारिणी सदस्य ने सभी सम्माननीय, वरिष्ठ पेंशनर्स पदाधिकारियों एवं सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने में महती सहयोग प्रदान करने की अपील की है ।

**शुभांक**

**1-6-9**

**159-5 690-5**

**भाग्यांक**

**569-0 224-8**


nandgaon times feb-08-04.qxd 2/7/2025 11:58 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) हल्दी में पीला रंग किसके द्वारा होता है?*
*2) राष्ट्रीय खरपतवार विज्ञान अनुसंधान निदेशालय कहाँ स्थित है?*
*3) कीट के मुखांग का कौन सा भाग जीभ का कार्य करता है?*
*4) विश्व की दूध की रानी किस नस्ल की बकरी को कहा जाता है?*
*5) किसने 61 साल की उम्र में चौथी बार डकार रैली जीतकर इतिहास रच दिया?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) कुरकुमिन (2) जबलपुर (3) हाइपोफैरिंक्स (4) सानेन (5) कार्लोस सैन्ज

# एसएलआरएम सेन्टर सुपरवाईजर पर आयुक्त ने जताई नराजगी, हटाने के दिये निर्देश

## सफाई निरीक्षण, कंटेनर में कचरा भरा पाया गया, गंज मण्डी निरीक्षण के दौरान सुमित बाजार के पीछे कचरे का ढेर





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासन के निर्देशानुसार एवं जिलाधीश व प्रशासक श्री संजय अग्रवाल के निर्देश पर स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा प्रात: शहर में साफसफाई का निरीक्षण कर रहे है। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने तथा मलमा व गंदगी फैलाते पाये जाने पर जप्ती एवं जुर्माना की कार्यवाही करायी जा रही है। इसी कडी में आज उनके द्वारा सहदेव नगर, कमला कालेज रोड व गंज मण्डी में साफसफाई का निरीक्षण के दौरान बाबा फतेह सिंह हाल, सुमित बाजार के पीछे गंदगी पाई गयी। गंदगी देख उनके द्वारा स्वच्छता टीम कों कार्यवाही करने कहा गया। साथ ही पुष्पवाटिका के पास रखे कंटेनर में कचरा भरा पाया गया, जिसपर उनके द्वारा एसएलआरएम सेन्टर के सुपरवाईजर पर नराजगी व्यक्त की गयी।निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कमला कालेज रोड, सहदेव नगर रोड में साफसफाई देख हाजरी रजिस्टर की जॉच की गयी, रोड एवं डिवाईडर के किनारे कचरा उठाने कहा गया। पुष्पवाटिका, चौपाटी के आस पास भी प्रतिदिन साफ सफाई रखने कहा गया। उन्होंने एसएलआरएम सेन्टर की सुपरवाईजर से सेंटर को साफ रखने के अलावा कंटेनर में कचरा न भरकर गिला सुखा अलग अलग कर निप्टान करने कहा। उन्होंने कहा कि भविष्य में कचरा भरने पर कार्यवाही की जावेगी। उनके द्वारा गंज मण्डी निरीक्षण कर मतगणना स्थल में साफ सफाई, पेयजल आदि की पर्याप्त व्यवस्था रखने कहा। आज दोपहर में ही स्वास्थ्य विभाग का अमला के साथ आयुक्त श्री विश्वकर्मा स्वयं सुमित बाजार एवं सिल्वर स्क्रीन पहॅुच गंदगी फैलाने पर कार्यवाही किये। आयुक्त ने कहा कि सुमित बाजार के पीछे कचरे का ढेर है, जिसे देखने पर लगता है कि बहुत दिनों से कचरा डाला जा रहा है, जो कि स्वच्छता का खुला उल्लंघन है। उन्होंने सिल्वर स्क्रीन व सुमित बाजार के संचालक से कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत साफसफाई रख कचरा सडक या खुले में नही रखना है, इसके लिये सभी प्रतिष्ठानों व घरो में गिला व सुखा कचरा के लिये अलग अलग डस्टबिन रख कचरा संग्रहित कर स्वच्छता दीदीयो को देना है किन्तु आपके द्वारा कचरा पीछे डाला गया है, जिससे गंदगी फैल रही है। उन्होंने कहा कि आप डस्टबिन का उपयोग करे, और कचरा निगम की गाडी में डाले। निगम का स्वास्थ्य अमला कचरा ढेर लगाने पर सिल्वर स्क्रीन व सुमित बाजार पर 5-5 सौ रूपये जुर्माना लगाया वही बाबा फतेह सिंह हाल में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम के बरात के दौरान सडक में कतरन पन्नी फैलाये जाने पर भवन से 01 हजार रूपये जुर्माना वसूल कर भविष्य में गंदगी न करने समझाईस दी गई। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य अमला से कहा है कि वैवाहिक एवं सार्वजनिक भवन आदि की समय समय पर निरीक्षण करे और गंदगी फैलाने पर कार्यवाही करे।

## चुनावी समीक्षा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जैसे जैसे मतदान की तारीख सामने आ रही है, प्रत्याशियों की धड़कने तेज होते जा रही है, वार्डो में पार्षद चुनाव किसी विधायक चुनाव से कम नहीं लग रहा है। वार्ड नंबर 27 भरकापारा तिलक वार्ड में त्रिकोणी मुकाबला देखने मिल रहा है, भाजपा से जहां वर्तमान पार्षद राजेश जैन (रानू) को चुनाव मैदान में उतारा वहीं कांग्रेस की प्रत्याशी प्रज्ञा गुप्ता जो पिछला चुनाव राजेश जैन (रानू) से 7 वोटो से हारी थी चुनाव मैदान में है, तीसरा विकल्प निर्दलीय प्रत्याशी जितेंद्र सिमनकर (जितेश)ब्लैक बोर्ड ने भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों की नींद उड़ाकर रख दी है। सामाजिक पृष्ठभूमि और मिलनसार व्यक्तित्व होने के नाते जितेंद्र सिमनकर का पड़ल्ला भारी नजर आ रहा है, वहीं जितेंद्र सिमनकर के पक्ष में मोहल्ले के अलावा दिगर मोहल्ले के लोग भी बढ़ चढ़ कर चुनाव प्रचार और रणनीति बनाने में सहायक सिद्ध हो रहे है। वार्ड नंबर 27 की जनता अब नए चेहरे पर मुहर लगाने की जुगत में दिख रही है, क्योंकि वार्डवासियों ने दोनों ही प्रत्याशियों का कार्यकाल देख लिया है।




## दो दिवसीय रामायण गायन वादन टीका सम्मेलन का आयोजन

**मेंढ़ा ( डोंगरगढ़ ) ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पंचायत पिनकापार भारत दर्शन मानस प्रचार प्रसार समिति एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से दो दिवसीय रामायण गायन वादन टीका सम्मेलन का आयोजन दिनांक 08 व 09 फरवरी 2025 को शिव मंदिर नया प्रांगण में रखा गया है जिसमे 8 फरवरी को गंधर्व मानस परिवार -भानुप्रतापपुर, मंदाकिनी मानस नूनछापर , श्रद्धा के फूल -महासमुंद, नूतन मानस -टोकरों, पंडवानी -दुर्गा साहू, मधुरिमा मानस -महासमुंद, झंकार मानस -राजिम , सुरसाधना - खैरागढ़ व 09 फरवरी को वेद श्रवण -मोहला मानपुर, भूमिजा मानस - गुड़ियारी,जय लक्ष्मण पाठ -रायगढ़, सुर सुरभि पंडवानी -गरियाबंद, रुद्राक्ष मानस -भिलाई , अनुराग -गुरुर, जय मां दुर्गा - वासीन, वेदिका मानस धमतरी सभी मानस मंडली जन मानस के समक्ष अपनी प्रस्तुति देगी । यहां जानकारी समिति के नोहर पटेल, धनेश सिन्हा ने दी।

# भागवत कथा प्रारंभ नगर में कलश यात्रा निकाली गई



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के ललई गुप्ता परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा से साथ हो गया है. 6 से 14 फरवरी तक आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम के आयोजक ललई गुप्ता परिवार के हरिप्रसाद गुप्ता ने बताया कि श्रीमद भागवत सेवा संस्थान कोहका के पं.मनोज पुष्पजी महाराज कथा व्यास पर होंगे. प्रथम दिवस कलश यात्रा पश्चात वेदी पूजन एवं भागवत महात्म्य गोकर्ण कथा का शुभारंभ हुआ है. इसके पश्चात प्रतिदिवस दोपहर 2 बजे से संध्या 6 बजे तक कथा का समय होगा और 7 फरवरी को कथा प्रारंभ, परीक्षित जन्म, श्राप, सृष्टि विस्तार 8 फरवरी को धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष प्रकरण, 9 फरवरी को मार्ग विवरण, अजमिल एवं प्रहलाद चरित्र, 10 फरवरी रविवार को गजेंद्र मोक्ष, वामन चरित्र, समुद्र मंथन, कृष्ण जन्मोत्सव एवं दही लूट होगा. वहीं 11 फरवरी को चीरहरण लीला, गोवर्धन लीला, रूखमणि मंगल, 12 फरवरी को अनन्य विवाह प्रसंग, कृष्ण गृहस्थ परीक्षा एवं सुदामा चरित्र, 13 फरवरी को श्री कृष्ण गोलोक गमन और परीक्षित मोक्ष, चढ़ोत्तरी, शोभा यात्रा और 14 फरवरी को गीता प्रवचन, तुलसी वर्षा, हवन, कपिला तर्पण, महाप्रसादी वितरण होगा.प्रतिवर्ष इस परिवार द्वारा साईं मंदिर में भंडारा का आयोजन होता है, जिसका समापन भी इस आयोजन के बाद होगा इस धर्ममय भागवत कथा शुरू होने से पूर्व नगर में कलश यात्रा निकाली गई ।ञ

## जन हित विरोधी एवं लोकतंत्र की हत्यारी कांग्रेस को जनता करारा सबक सिखाएगी : राजपूत



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कांग्रेस सरकार के पांच वर्षों के कार्यकाल में कांग्रेस महापौर हेमा देशमुख को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि विगत 15 वर्षों में भाजपा सरकार के कार्यकाल में जो विकास के ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किए गए थे, वे सभी 5 वर्षों में धूल धूसरित हो गए । उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम एवं दिग्विजय स्टेडियम की विशालकाय रचना की गई थी, परंतु पिछले 5 वर्षों में दिग्विजय स्टेडियम की दुर्दशा देखी जा सकती है। इन 5 वर्षों में कांग्रेस ने कुछ नया तो नहीं किया बल्कि पूर्ववर्ती भाजपा की डॉ रमन सिंह सरकार की 15 वर्षों की उपलब्धियां को सहेज तक नहीं रख पाए, एस्ट्रोटर्फ की हालत इतनी खराब है कि आगामी राष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन भी संभव नहीं दिख रहा है। बल्कि लापरवाही एवं रखरखाव के अभाव में दोनों स्टेडियम बदहाल अवस्था में आ चुका है। हॉकी की नर्सरी कहे जाने वाले राजनांदगांव को डॉ रमन सिंह ने एस्ट्रोट्रफ़की सुविधा दी, परंतु विगत 5 वर्षों में कांग्रेस की सरकार ने रख रखाव की स्थिति समाप्त कर दी, जिसके कारण आज यहां खिलाड़ी पनप नहीं पा रहे हैं,अपने खेल का प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। हॉकी की नर्सरी के नाम से पहचान बनाने वाले राजनांदगांव का हॉकी स्टेडियम की बदहाल व्यवस्था कांग्रेस के शासन में हुई है, श्री राजपूत ने कहा कि कांग्रेस जनता विरोधी मानसिकता की पक्षधर रही है, कांग्रेस की महापौर द्वारा लगातार जनता के गंभीर मुद्दों पर उदासीनता बरती गई और जनहित के मुद्दों पर ध्यान नहीं दिया गया ।

**पिछले दरवाजे से कांग्रेस निगम पर काबिज हुई**

कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि भाजपा ने नगर निगम महापौर एवं नगर पंचायत अध्यक्ष के चुनाव सीधे जनता के हाथों से चुनकर आने की लोकतांत्रिक व्यवस्था की थी, परंतु 5 वर्ष पूर्व कांग्रेस के सत्ता में आते ही उन्हें समझ आ गया कि झूठी घोषणा करके सत्ता में आने के बाद नगर निगम एवं नगर पंचायत में कांग्रेस सीधे महापौर एवं अध्यक्ष नहीं बना पाएगी , इसलिए उन्होंने पिछले दरवाजे का सहारा लिया और सत्ता के दुरुपयोग से सभी नगर निगम और नगर पंचायत में कब्जा किया। परंतु बीजेपी की विष्णु देव साय सरकार ने सत्ता में काबिज होते ही नगर निगम एवं नगर पंचायत में पुन: लोकतांत्रिक व्यवस्था बहाल की। इसलिए कोमल सिंह राजपूत ने शहर एवं ग्रामीण जनता से आवाहन किया कि ऐसी लोकतंत्र की हत्या करने वाली कांग्रेस को इस चुनाव में करारा जवाब दें और 11 फरवरी को कमल निशान पर वोट देकर कांग्रेस को अलविदा कहें।

## गुप्त नवरात्र में हवन के साथ विशेष अनुष्ठान सम्पन्न



**किरनापुर ( नांदगांव टाइम्स )।** सवनी आश्रम वार्ड नंबर, 19, सोनपुरी, किरनापुर में नौ दिनों तक चलने वाले गुप्त नवरात्रि का अनुष्ठान हवन के साथ सम्पन्न किया गया। स्वयं भू प्रगटित मां शारदा नेवारा पहाड़ी एवं सवनी आश्रम में विशेष रूप से विश्वास रखने वाले भक्तों की सभी प्रकार की बाधाओं को दूर करने, परिवार की सुख, शांति एवं मनोकामना पूर्ण करने यह अनुष्ठान रहा और विशेष अनुष्ठान भारत की केन्द्र सरकार एवं राज्य की भारतीय जनता पार्टी से विरोध करने वाली सभी विरोधी पार्टियों की शक्ति क्षीण करने, भारत की सुख, समृद्धि, विकास, शांति और विश्व की सुख, समृद्धि, विकास, शांति के लिए तथा भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित कर संसार का विश्व गुरु बनने विशेष अनुष्ठान पंडित नरेन्द्र कुमार शुक्ल सवनी आश्रम, वार्ड नंबर, 19, सोनपुरी, किरनापुर के द्वारा किया गया। पंडित नरेन्द्र कुमार शुक्ल किरनापुर द्वारा किया गया। पंडित नरेन्द्र कुमार शुक्ल जी का कहना है कि 1980से केवल मैं ही किरनापुर भारतीय जनता पार्टी का फाउंडेशन कार्यकर्ता अपनी भारतीय जनता पार्टी के लिए हिंदू धर्म के अनुसार अपना कर्म (अनुष्ठान) करते आ रहा हूं जिसका परिणाम शनै:शनै: देखने को मिल रहा है।

## धर्म समाचार....

# इन 3 लोगों को जरूर करनी चाहिए भगवान शिव की पूजा, नहीं तो बिगड़ जाते हैं बनते काम

ज्योतिषियों की मानें तो शनि की बाधा के चलते जातक को जीवन में नाना प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आर्थिक स्थिति विषम हो जाती है। व्यक्ति लाख चाहकर जीवन में सफल नहीं हो पाता है। इसके लिए ज्योतिष भगवान शिव की पूजा करने की सलाह देते हैं। भगवान शिव की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। सनातन धर्म में सोमवार का दिन देवों के देव महादेव को समर्पित होता है। इस दिन भगवान शिव की पूजा की जाती है। साथ ही सोमवार का व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। साथ ही सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। ज्योतिष अविवाहित जातकों को शीघ्र विवाह के लिए भगवान शिव की पूजा करने की सलाह देते हैं। वहीं, विवाहित महिलाएं सुख और सौभाग्य में वृद्धि एवं पति की लंबी आयु के लिए सोमवार के दिन व्रत रख भगवान शिव की पूजा करती हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि कई राशि के जातकों को भगवान शिव की अवश्य ही पूजा करनी चाहिए। अनदेखी करने से बने काम भी बिगड़ जाते हैं।




आइए, इन राशियों के बारे में जानते हैं-

**कर्क राशि**

कर्क राशि के जातकों को भगवान शिव की नियमित रूप से पूजा करनी चाहिए। वहीं, सोमवार के दिन महादेव की विशेष पूजा करनी चाहिए। इस राशि के जातकों के आराध्य भगवान शिव हैं। अत: हर सोमवार के दिन कर्क राशि के जातक स्नान-ध्यान कर सफेद वस्त्र पहनें। अब आचमन कर अपने आप को पवित्र करें। इसके बाद सूर्य देव को जल अर्पित करें। तदोउपरांत, गंगाजल में काले तिल मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करें। आप चाहे तो गाय के कच्चे दूध से भी अभिषेक कर सकते हैं। इसके बाद शिवजी को भांग और धतूरे के पत्ते और फूल अर्पित करें। पूजा के समय शिव चालीसा का पाठ करें। शिव मंत्र का जप करें। अंत में आरती कर सुख और सौभाग्य में वृद्धि की कामना करें।

**कुंभ और मकर**

मकर और कुंभ राशि के स्वामी शनिदेव हैं और आराध्य देवों के देव महादेव हैं। इस राशि के जातकों पर शनिदेव की कृपा बरसती है। हालांकि, काम की अधिकता के चलते मकर और कुंभ राशि के जातक नियमित रूप से भगवान शिव की पूजा नहीं कर पाते हैं। अगर आप भी ऐसी अनदेखी करते हैं, तो इसमें बदलाव करें। शनिदेव की कृपा पाने के लिए नियमित रूप से भगवान शिव की पूजा करें। महादेव का अभिषेक करें। भगवान शिव जलाभिषेक से शीघ्र प्रसन्न होते हैं। अत: रोजाना सुविधा अनुसार अभिषेक करें। गंगाजल, कच्चे दूध, पंचामृत और घी से भगवान शिव का अभिषेक करें। भगवान शिव की पूजा करने से शनिदेव प्रसन्न होते हैं। एक बार शनिदेव की कृपा बरस जाने पर जातक अपने जीवन में अवश्य ही अमीर बनता है।

## गुरु वृष राशि में हुआ मार्गी : 'शिवलिंग रूप में होती है गुरु की पूजा



नौ ग्रहों में से एक गुरु को देवताओं का गुरु बृहस्पति माना जाता है। ये ग्रह इस समय वृष राशि में है और 4 फरवरी की रात ये ग्रह वक्री से मार्गी हो गया है। 15 मई को गुरु राशि बदलकर मिथुन राशि में प्रवेश करेगा। 2025 में गुरु तीन बार अपनी राशि बदलेगा, ऐसा गुरु के वक्री होने की वजह से होगा।19 अक्टूबर को गुरु कर्क में प्रवेश कर लेगा। कर्क राशि में ही ये ग्रह 12 नवंबर से वक्री हो जाएगा। वक्री रहते हुए गुरु 3 दिसंबर को मिथुन में आ जाएगा। इस तरह गुरु 2025 में तीन बार राशि बदलेगा। जानिए गुरु ग्रह से जुड़ी खास बातें और पूजा विधि... बृहस्पति को देवगुरु कहा जाता है। ये ग्रह ज्ञान और धर्म का प्रतीक है। गुरुवार को गुरु ग्रह के लिए विशेष पूजा-पाठ की जाती है। आमतौर पर गुरु की पूजा लाल, पीले, भगवा वस्त्र पहनकर की जाती है। इस ग्रह ग्रह के लिए चने की दाल का दान किया जाता है। गुरु ग्रह की पूजा शिवलिंग रूप में की जाती है। इसलिए हर गुरुवार शिवलिंग का विशेष अभिषेक करना चाहिए। शिवलिंग पर जल, दूध चढ़ाएं। जल-दूध में केसर मिला लेंगे तो बहुत शुभ रहेगा। जल चढ़ाने के बाद शिवलिंग पर चंदन का लेप लगाएं। बिल्व पत्र, धतूरा, आंकड़े के फूल, गुलाब से शिवलिंग का श्रृंगार करें। शिव जी जनेऊ, गुलाल, अबीर, भस्म, अष्टगंध, दूर्वा, चने की दाल आदि पूजन सामग्री चढ़ाएं। बेसन के लड्डू का भोग लगाएं। गुरु ग्रह के मंत्र ऊँ बृं बृहस्पतये नम: का जप करें। आप चाहें तो ऊँ नम: शिवाय मंत्र का जप भी कर सकते हैं। धूप-दीप जलाएं और आरती करें। परिक्रमा करें। पूजा के बाद भगवान से क्षमा याचना करें और फिर प्रसाद बांटें, खुद भी लें।

**धनु और मीन राशि का स्वामी है गुरु-** ज्योतिष में गुरु को धनु और मीन राशि का स्वामी माना जाता है। जिसकी कुंडली में गुरु शुभ है, वह व्यक्ति ज्ञानी होता है और समाज में मान-सम्मान पाता है। ये ग्रह कर्क राशि में उच्च का और मकर में नीच का माना जाता है। कुंडली में गुरु की शुभ स्थिति से व्यक्ति को धन, शिक्षा, सुखी वैवाहिक जीवन मिलता है। कुंडली में गुरु ग्रह की महादशा 16 साल की होती है। ये लगभग 13 महीनों में एक राशि ठहरता है, लेकिन वक्री और मार्गी होने से इस समय में फेरबदल होते रहता है।

- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# स्मार्ट सिटी की तर्ज पर शहर का विकास करेंगे : मधुसूदन यादव



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव अपने अंतिम दौर के प्रचार अभियान में लग गए हैं, सुबह से दोपहर तक जहां उनके निवास व कार्यालय में कार्यकर्ताओं-नागरिकों से भेंट मुलाकात की लंबी फेहरिस्त रहती है। फिर वे दोपहर से देर शाम तक आम लोगों से मिलने उनके घरों की ओर निकल पड़ते हैं, उसके पश्चात् जनसंपर्क कार्यक्रम समाप्त कर देर रात तक अपने कार्यालय में बैठकर लोगों से मेल-मुलाकात कर उनकी समस्याओं से रूबरू होते हैं। देर रात तक जागना व सुबह जल्दी उठकर फिर लोगों से मुलाकात करना, यही उनकी दिनचर्या हो गई है। कल 6 फरवरी गुरुवार को स्टेडियम वार्ड, अनुपम नगर से अपने प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए शीतला माता वार्ड जमात पारा में व्यापक जनसंपर्क किया फिर वे गौरी नगर, लखोली व तुलसीपुर में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सभा में शिरकत करते हुए महती जनसभा को संबोधित किया।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस दौरान श्री यादव ने शहर के विकास का खाका खींचते हुए कहा कि अटल विश्वास पत्र में की गई घोषणाएं तो उनके लिए च्पत्थर की लकीरज्ज् होगी ही, साथ ही साथ शहर को स्मार्ट सिटी के तर्ज पर विकसित करने की उनकी महत्वाकांक्षी योजना है। वे शहर में व्याप्त सभी जन समस्याओं से अवगत हैं उन्हें मालूम है कि किस समस्या का शहर के हित में किस तरह निदान किया जा सकता है। पिछले 5 वर्ष पूर्व हम लोगों ने राजनांदगांव शहर को जिस बेहतर स्थिति में छोड़कर गए थे, पिछले साल पॉच साल शहर की हालत बद् से बद्तर हो गई है। शहर की पेयजल समस्या के निराकरण के लिए जल जीवन मिशन जैसी सैकड़ो करोड़ की महती योजना की सौगात दी गई थी किंतु बेहतर कार्य न हो पाने की वजह से वह योजना सफल नहीं हो सकी। यदि यह योजना सफल हो जाती है तो आगामी कई दशकों तक शहर के लिये पीने की कोई समस्या नहीं रहती। इसी तरह शापिंग काम्पलेक्सों की मालीदशा बेहद खराब है, अनेक व्यवसायिक परिसर बंद पड़े-पड़े कबाड़ हो रहे है। भाजपा शासनकाल में थोक के भाव में बने बाग-बगीचें भी अपनी दुर्दशा पर ऑसू बहा रहे है। शहर का गौरवशाली तालाब बूढ़ासागर अपनी किस्मत पर रो रहा है। शहर के अन्य सार्वजनिक तालाब भी दुर्दशा का दंश भोग रहे है। सड़को की तो बात ही मत करिये सारे प्रमुख मार्गो की छाती में घावनुमा गड्ढे ही गड्ढे है। नगर में रोशनी बिखरने वाले बिजली खंभो पर भी मायूसी छाई हुई है। शहर निरंतर बढ़ रहा है, शहर की सीमाएं बढ़ती जा रही है, नये क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को बुनियादी समस्याओं से रोज दो-चार हाथ करना पड़ रहा है। अतएव यह शहर की नयी आवश्यकता है कि इन क्षेत्रों में नई सड़को का निर्माण हो, नई नीतियां बने, उन्हे मनोरंजन की सुविधा उपलब्ध हो इसलिये अब शहर को कई नयी सड़को की जरूरत आ पड़ी है। उन्हे इन सारे विषयों की जानकारी है कि कहॉ क्या करना है, इसका पूरा ब्लूप्रिन्ट उनके पास मौजूद है। श्री यादव ने विश्वासपूर्वक शहर के मतदाताओं से आग्रह करते हुये कहा कि देश व प्रदेश में विकास कार्यो की बानगी वे सब देख ही रहे है, दोनों ही स्थानों पर भाजपा की सरकार बनने के बाद विकास को लेकर



क्रांतिकारी परिवर्तन से आप वाकिफ है। अब समय आ गया है कि इस शहर की दुर्दशा को दूर करने के लिये लोकतंत्र के तीसरे प्रमुख पायदान स्थानीय निकाय में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार स्थापित करे ताकि वे अपने राजनांदगांव को लेकर देख रहे स्मार्ट सिटी के तर्ज पर विकास के स्वप्न को मूर्त रूप दे सकें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वार्ड पार्षद प्रत्याशी प्रियंका कुंरजेकर व शैंकी बग्गा सहित नीलू शर्मा, अशोकादित्य श्रीवास्तव, कमलेश सूर्यवंशी, राजेन्द्र जैन बंटू, अतुल रायजादा, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत गोलू गुप्ता, जया दुर्गेश यादव मनोज निर्वाणी, प्रखर श्रीवास्तव, कमलेश यादव, अमितेश झा, सुनीता यादव के साथ अनेक नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मोदी की गारंटी के बाद अब अटल घोषणा पत्र को भाजपा पूरा करेगी - विजय शर्मा

**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं सरकार में गृह मंत्री का दायित्व निभा रहे विजय शर्मा ने बसंतपुर में आयोजित सभा में भाजपा महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव एवं वार्ड क्रमांक 42 के पार्षद प्रत्याशी अमृता मोहन सिन्हा,वार्ड क्रमांक 40 के पार्षद प्रत्याशी खेमिन राजेश यादव एवं वार्ड नंबर 46 के पार्षद प्रत्याशी हेमंत शेखर यादव के पक्ष में आयोजित भीड़ भरी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के खिलाफ हुंकार भरी। श्री विजय शर्मा ने भूपेश सरकार के काले कारनामों का चिट्ठा खोलते हुए बताया कि जैसे केंद्र में मनमोहन सिंह सरकार ने घोटाले पर घोटाले किए, वैसे ही भूपेश सरकार ने शराब घोटाले में 2000 करोड़ का घोटाला किया और युवाओं की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया। कोयला घोटाले में भी खुले रूप से भ्रष्टाचार किया गया साथ ही युवाओं का भविष्य बनाने के लिए आयोजित पीएससी परीक्षा में भी भारी भ्रष्टाचार हुआ, प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही सीबीआई जांच शुरू हो चुकी है, जिसकी जांच चल रही है, कुछ आरोपी जेल में है और कुछ जल्द ही जेल जा सकते हैं। महादेव एप की जांच भी चल रही है। श्री शर्मा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में और शराब वितरण के प्रक्रिया में जो भूपेश सरकार ने घोटाला किया था, इसलिए उस प्रक्रिया को दूर करते हुए



विष्णु देव साय सरकार ने पारदर्शी प्रक्रिया का सहारा लिया जिससे भ्रष्टाचार दूर हो सके। श्री शर्मा ने कहा कि सुशासन के रूप में विष्णु देव साय सरकार ने ने मोदी गारंटी की तहत सरकार बनते ही अपने पूरे वादे निभाए महतारी वंदन योजना का विशेष जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 12वीं किस्त जारी हो चुकी है और यह योजना बंद नहीं होगी। नारी सशक्तिकरण के रूप में यह योजना चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि अटल घोषणा पत्र में नजूल भूमि के जो पट्टाधारी को भू अधिकार पत्र दिया जाएगा और महिला के नाम से संपत्ति में 25त्न की छूट भी दी जाएगी। उन्होंने अटल घोषणा पत्र की योजनाओं को बताते हुए कहा कि जिस तरह से मोदी गारंटी योजना को पूर्ण किया गया, इस तरह अटल घोषणा पत्र भी शत प्रतिशत पूरा किया जाएगा। विजय शर्मा ने पार्षद प्रत्याशियों एवं महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव को भारी मतों से जीतने का आह्वान किया। इसके पूर्व चुनाव संयोजक एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विगत 5 वर्षों में राजनांदगांव का विकास कांग्रेस ने रोक दिया था,आपके आशीर्वाद से आज डबल इंजन की सरकार बन चुकी है, आने वाले 5 साल तक तेजी से विकास करना है तो वार्ड का विकास जरूरी है।

# नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 : ईव्हीएम मशीनों की कमिशनिंग की जा रही

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 की तैयारी के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर में ईव्हीएम मशीनों की कमिशनिंग की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में ईव्हीएम



ईसीआईएल के 5 इंजीनियर की देखरेख में ईव्हीएम मशीनों की कमिशनिंग की जा रही है तथा निर्वाचन की तैयारियां की जा रही है। ईव्हीएम मशीनों की सुरक्षा के लिए पुलिस के जवान ड्यूटी पर तैनात हैं। कमिशनिंग के दौरान मशीनों के कमिशनिंग का कार्य जारी है। अभ्यर्थी तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि ईव्हीएम मशीनों की कमिशनिंग का अवलोकन कर रहे हैं। रिटर्निंग ऑफिसर श्री खेमलाल वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री हितेश्वरी बाघे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# खाटूवाले श्याम प्रभु का चार दिवसीय फागुन महोत्सव 08 मार्च से

## सुप्रसिद्ध श्याम सेवको एवम श्याम दिवानियो की सुमधुर वाणी से गूंजेगी संस्कारधानी, उदयाचल प्रांगण में सजेगा श्याम दरबार

**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** खाटूवाले श्याम प्रभु के महत्वपूर्ण उत्सवों में फागुन महोत्सव का विशेष स्थान है। फागुन शुक्ल एकादशी को अतुलित बलशाली तीन बाणधारी युवक बर्बरीक ने महाभारत के युद्ध के समय भगवान कृष्ण को अपने शीश का दान देकर उनसे श्याम नाम प्राप्त किया था , श्याम प्रभु कलयुग में हारे के सहारे के नाम से पूजे जाते है। राजस्थान के खाटुधाम में फागुन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से प्रारम्भ होने वाले उत्सव का मुख्य आकर्षण फागुन शुक्ल एकादशी तक भजन - कीर्तन तथा द्वादशी को श्री श्याम ज्योति अखंड पाठ एवं भंडारा प्रसादी के साथ पूर्ण होता है।



इसी फागुन माह के शुक्ल पक्ष में देश के कोने - कोने में स्थापित श्याम मंदिरों एवम अन्य नगर - ग्रामों में निवासरत श्याम प्रेमी अपने शहर - नगर में भजन - सत्संग के माध्यम से फागुन महोत्सव का आयोजन करते है। संस्कारधानी नगरी में श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा 29 वर्षो से श्री श्याम महोत्सव के अंतर्गत सुमधुर भजन - सत्संग के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । पिछले 20 वर्षो से अनेक श्रद्धालु भक्त माता - बहन तथा बंधु निशान लेकर खाटू धाम यात्रा पर जा रहे है । श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा इस वर्ष खाटू वाले श्याम प्रभु का फागुन महोत्सव पर चार दिवसीय भव्य कार्यक्रम किए जाने की व्यापक तैयारिया की गई है । महोत्सव 08 मार्च से शुरू होगा । समिति के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस वर्ष फागुन महोत्सव के अवसर पर 23 वीं निशान यात्रा 01 मार्च को 50 श्रद्धालु माता - बहने एवम बंधु निशान लेकर खाटु श्याम जी को समर्पित करने जाएंगे । संस्कारधानी नगरी में 30 वा फागुन महोत्सव फागुन शुक्ल नवमी 08 मार्च से फागुन शुक्ल द्वादशी 11 मार्च 2025 तक चार दिवसीय आयोजन के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर दुग्धाभिषेक , निशान यात्रा ,भव्य भजन संध्या के साथ ही श्री श्याम ज्योति अखण्ड पाठ एवम भंडारा प्रसादी आयोजित किया जाएगा । श्री श्याम परिवार मित्र मंडल के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल के अनुसार खाटू धाम ( उदयाचल प्रांगण ) में आयोजित फागुन महोत्सव के प्रथम दिवस 08 मार्च को सुबह 10 बजे श्री श्याम प्रभु का दुग्धाभिषेक होगा एवं श्याम नाम की मेंहदी लगाई जाएगी । दोपहर 4 : 30 बजे उदयाचल से भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी । जो भजन सत्संग के साथ नगर भ्रमण करते हुए वापस खाटूधाम उदयाचल पहुंचेगी । निशानयात्रा में नगर के भजन गायकों द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी । महोत्सव के दूसरे दिन फागुन शुक्ल दशमी 09 मार्च को रात्रि 07 बजे से लखनऊ की श्याम दीवानी गुड़िया विभा मिश्रा अपनी सुमधुर वाणी से भजनों की अमृत गंगा प्रवाहित करेंगी । महोत्सव के तृतीय दिवस फागुन शुक्ल एकादशी , 10 मार्च को मुंबई के परम श्याम सेवक मनीष भट्ट श्याम प्रभु के फागुनी रंग से सराबोर भजनों की फुहार से भक्तो को स्नान कराएंगे । महोत्सव के चतुर्थ दिवस फागुन शुक्ल द्वादशी 11 मार्च को दोपहर 02 बजे से श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का वाचन कोलकाता की श्याम सेविका ज्योति खेमका के मुखारबिंद से होगा । रात्रि 7 बजे से सवामनी प्रसादी के साथ महोत्सव पूर्ण होगा । महोत्सव के चारों दिन अलग - अलग स्वरूप में श्याम प्रभु का अद्भुत श्रृंगार किया जायेगा । अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी , छप्पनभोग का प्रसाद लगाया जाएगा , भजन के दौरान इत्र , केशर , गुलाब जल एवम फूलों की होली खेली जायेगी , प्रतिदिन रात्रि में जलपान प्रसादी की व्यवस्था रहेगी । प्रतिदिन के श्रृंगार , पान भोग , छप्पनभोग एवम प्रसादी के यजमान बनाए जा रहे है , 11 मार्च की महाप्रसादी के लिए अनेक भक्तो ने सवामनी प्रसादी हेतु अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है । भजन प्रारंभ होने के पूर्व प्रभु के भव्य दरबार के समक्ष अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी , जिसमे प्रत्येक भक्त माता - बहने एवम बंधु आहुति दे सकेंगे । उक्त महोत्सव को भव्यता प्रदान करने कल एक महत्वपूर्ण बैठक मंडल के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई , बैठक में प्रमुख रूप से गोपाल अग्रवाल , सुशील अग्रवाल , अशोक लोहिया , संतोष हुंका , अशोक अग्रवाल , अरुण खंडेलवाल , संतोष महोबिया , जयराज चौथवानी , राहुल लोहिया , हर्ष लोहिया , प्रतीक अग्रवाल , आशीष अग्रवाल सहित अनेक श्याम भक्त उपस्थित थे । अनेक सदस्यों ने महोत्सव को भव्यता प्रदान करे अनेक सुझाव दिए , जिस पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया ।

# 27 वर्षों से पत्रकारिता में सक्रिय रहते हुए कमलेश स्वर्णकार ने शहर की हर समस्या को न सिर्फ समझा है, बल्कि उसे मुखर होकर उठाया भी है



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के विकास की दिशा नगरीय निकाय चुनाव से तय होती हैं, संस्कारधानी कहे जाने वाले राजनांदगांव जिला आज बदलाव की ओर देख रहा है। आम आदमी पार्टी से महापौर प्रत्याशी, निर्भीक पत्रकार कमलेश स्वर्णकार सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं। 27 वर्षों से पत्रकारिता में सक्रिय रहते हुए उन्होंने शहर की हर समस्या को न सिर्फसमझा है, बल्कि उसे मुखर होकर उठाया भी है। आज जब शहर को एक सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्व की जरूरत है, ऐसे में कमलेश स्वर्णकार जैसे अनुभवी व्यक्ति का आगे आना एक नई उम्मीद जगाता है। गौरतलब है कि, वरिष्ठ पत्रकार कमलेश स्वर्णकार की आवाज में सिर्फ शब्द ही नहीं, बल्कि संघर्ष की चिंगारी भी है। उन्होंने हमेशा राष्ट्रहित और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी है। शहर के नए बस स्टैंड की खराब स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित करना हो या राजनांदगांव की प्रतिष्ठित हॉकी नर्सरी का खिताब बचाने की लड़ाई, उन्होंने हर मोर्चे पर जनता की आवाज को बुलंद किया है। उन्होंने कहा कि शहर में कई तालाब हैं, लेकिन अब तक किसी भी सरकार ने उनकी सफाई और रख-रखाव को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई। इन तालाबों का पानी निस्तारी के लिए उपयोग किया जाता है, लेकिन दूषित जल बीमारियों का बड़ा कारण बन रहा है। पत्रकार कमलेश स्वर्णकार इस समस्या को न केवल उठाते रहे हैं, बल्कि इसके समाधान की भी पुरजोर वकालत करते रहे हैं, उनका स्पष्ट मानना है कि विकास के लिए केवल धन की नहीं, बल्कि सही नीयत की जरूरत होती है और यह नीयत अब तक किसी ने सही ढंग से अपनाई नहीं। वे आगे कहते हैं कि मुझे दुख होता है जब मैं आज भी लोगों को राशन कार्ड के लिए भटकते देखता हूँ। वार्डों में पानी की किल्लत देखकर दुख होता है। काम करवाने के लिए लोगों को एक दफ्तर से दूसरे दफ्तर भटकते देखकर दुख होता है। मुझे हर उस व्यक्ति को देखकर दुख होता है जिसने एक जनप्रतिनिधि को इस उम्मीद से चुना था कि यह व्यक्ति मेरे जीवन में बदलाव लाएगा। रिश्वतखोरी की जड़ को खत्म करके भयमुक्त माहौल बनाने की जरूरत है। सड़क, भवन और इंफ्रास्ट्रख्र डेवलपमेंट ही विकास का पर्याय नहीं है। सही मायने में विकास वहां रहने वाले लोगों के जीवन की गुणवत्ता और नैतिक विकास पर निर्भर करता है, लेकिन राजनांदगांव के वार्डों में नशाखोरी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। युवा पीढ़ी को नशे की गर्त में जाने से बचाने के लिए कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। इस बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए एक दृढ़ निश्चयी नेतृत्व चाहिए और कमलेश स्वर्णकार इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। देश बनता है वहां रहने वाले लोगो से और जब तक यहां के स्थानीय लोगों के जीवन मे विकास नहीं होगा, तब तक बड़ी.बड़ी बातें करने का कोई फायदा नहीं है। श्री स्वर्णकार कहते हैं कि मेरा लक्ष्य अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर भी निश्चल मुस्कान देखना है। शिक्षा और स्वास्थ्य दो ऐसी चीजें हैं जिनमें हमें बेहतर काम करने की जरूरत है। महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध ऐसे कई छोटे-छोटे मुद्दे हैं जो हमें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करते हैं। आज राजनांदगांव को ऐसे नेता की तलाश है जो सिर्फवादे ही न करें, बल्कि जमीनी हकीकत को समझकर समाधान भी निकाले। कमलेश स्वर्णकार का अनुभव, निडरता और जनता के प्रति प्रतिबद्धता इस शहर को नई दिशा देने में सहायक हो सकती है, उनका चुना जाना सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि एक नई सोच और ईमानदार प्रशासन का समर्थन होगा।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com